मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रदेश सरकार और एफसीडीओ-यूके के बीच ऐतिहासिक करार

# चिवनिंग - अटल छात्रवृत्ति योजना ग्लोबल लीडर तैयार करेगी: योगी

**पहल**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) यूके के बीच समझौता हुआ। इसके तहत 'चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी यूपी राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना' शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत हर साल पांच छात्रों को यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यूपी सरकार प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छात्रवृत्ति योजना प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने और युवाओं को 'ग्लोबल लीडरशिप रोल' के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम बनेगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में छात्रवृत्ति को लेकर यूपी और ब्रिटेन के अफसरों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

## छात्रों को मिलेगा वैश्विक एक्सपोजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। यह योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षों तक (2025-26, 2026-27 और 2027-28) संचालित होगी। इसके बाद वर्ष 2028-29 से योजना को नवीनीकृत किया जाएगा।

## पूरी पढ़ाई और खर्च वजीफे के जरिए होगा

इस छात्रवृत्ति में पूर्ण शिक्षण शुल्क, परीक्षा व शोध शुल्क, रहने-खाने का भत्ता तथा यूके तक आने-जाने का हवाई किराया शामिल रहेगा। प्रति छात्र लगभग 38,048 से 42,076 (लगभग ₹45 से ₹48 लाख) का खर्च आएगा। इसमें से उत्तर प्रदेश सरकार लगभग 19,800 (₹23 लाख) वहन करेगी, शेष राशि का वहन एफसीडीओ यूके करेगा।

## ब्रिटिश हाई कमिश्नर ने भी पहल को सराहा

भारत में ब्रिटिश हाई कमिश्नर लिंडी कैमरन ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि लखनऊ आकर इस समझौते पर हस्ताक्षर करना बेहद खुशी की बात है। इस नई चिवनिंग स्कॉलरशिप के तहत अगले तीन वर्षों तक हर साल पांच छात्रों को यूके में पूर्ण छात्रवृत्ति पर पढ़ाई का अवसर मिलेगा।